# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–29 अक्टूबर 2024 — सान्ध्य समाचार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान–एम्स में उत्तर प्रदेश के रायबरेली, गोरखपुर और मेरठ एम्स सहित देश को 12 हजार 850 करोड़ रूपये से अधिक लागत वाली कई स्वास्थ्य परियोजनाओं की सौगात दी। प्रधानमंत्री ने वर्चुअली देश के 11 स्वास्थ्य संस्थानों में ड्रोन सेवाओं का शुभारंभ किया। इसमें उत्तर प्रदेश के रायबरेली जिले में स्थित एम्स संस्थान, लखनऊ में आयुष उत्कृष्टता केंद्र और मेरठ में 150 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 100 बिस्तरों वाले स्टाफयुक्त ईएसआई अस्पताल भी शामिल है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनपद मेरठ से वर्चुअली इस समारोह में शामिल हुए। श्री योगी ने कहा कि यूपी में स्वास्थ्य के प्रत्येक क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन देखने को मिला है। आज हर जनपद में मेडिकल कॉलेज बन रहे हैं। 1947 से 2017 तक यूपी में मात्र 17 मेडिकल कॉलेज बन पाए थे, आज यूपी में 64 जनपद में मेडिकल कॉलेज बन चुका है या बन रहा है।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वचुर्अल माध्यम से देश भर के 51 हजार चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। चयनित युवा विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में केंद्र सरकार के पदों पर नियुक्त हुए। इस अवसर पर प्रदेश के लखनऊ, वाराणसी, बरेली और गोरखपुर समेत देश भर के 40 स्थानों पर रोजगार मेला का आयोजन किया गया। लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद भी मौजूद रहे। उधर, बरेली में आयोजित रोजगार मेला में केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा ने 213 चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इसी क्रम में गोरखपुर के पूर्वोत्तर रेलवे प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान कर उत्साहवर्धन किया। वही वाराणसी स्थित डीएलडब्लू परिसर में भी रोजगार मेला में चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।

**मेरा नाम काजल सिंह है। मेरे पिता का नाम श्री राजेश कुमार सिंह है। मै बलिया उत्तर प्रदेश की निवासी हूँ। मै आज यहां 29 अक्टूबर 2024 को अपना नियुक्ति पत्र लेने आई हू और यह नियुक्ति पत्र मुझे बीएसएफ ने कॉन्सटेबल जीडी के पद के लिए मिला है और मैं प्रधानमंत्री मोदी जी का बहुत ही बहुत धन्यबाद करना चाहती हूँ। जिन्होंने रोजगार के इतने सारे अवसर दिये और मै अपने देश के लिए पूरी सत्य निष्ठा से इसकी सेवा करना चाहती हूँ।**

**********

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती और राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में रन फॉर यूनिटी का आयोजन आज लखनऊ में किया गया। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास से रन फॉर यूनिटी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस आयोजन में सैकड़ों युवाओं, बच्चों और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और दौड़ 5, कालिदास मार्ग से शुरू होकर केडी सिंह बाबू स्टेडियम में समाप्त हुई। इसी क्रम में जनपद मऊ के कलेक्ट्रेट सभागार में सरदार पटेल की जयंती मनाई गई। इस दौरान डीएम ने वहां उपस्थित कर्मचारियों को एकता की शपथ दिलाई। उधर, महाराजगंज में सरदार पटेल की प्रतिमा पर डीएम ने माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। जौनपुर में डीएम ने राष्ट्रीय एकता दिवस पर कलेक्ट्रेट कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता और अखण्डता को अक्षुण्ण रखने की शपथ दिलाई। जनपद बहराइच और कौशांबी में भीं राष्ट्रीय एकता दिवस पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर सरदार पटेल को याद किया गया।

**********

भगवान राम की नगरी अयोध्या में भव्य दीपोत्सव का आयोजन होने जा रहा है जो दुनिया में किसी भी नदी के घाट पर दीये जलाने के सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ देगा। नया विश्व रिकॉर्ड बनाने के लिए पवित्र सरयू के घाटों पर कुल 28 लाख दीपों की व्यवस्था की गई है। कल शाम होने वाले मुख्य समारोह के लिए पूरे शहर की साफ–सफाई और सजावट की जा रही है। सम्पूर्ण अयोध्या नगरी में 35 लाख से अधिक दीप जलाये जाने की सम्भावना है। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स टीम के सलाहकार और विश्वविद्यालय की गणना समिति के सदस्यों के नेतृत्व में 30 लोगों की एक टीम ने पहले ही 55 घाटों पर सजाए गए दीपों की गिनती कर ली है। कल राम पथ पर निकलने वाली शोभा यात्रा की रिहर्सल कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। शोभा यात्रा में 18 झांकियां शामिल हैं, जो रामायण के सात अध्यायों पर आधारित हैं और भगवान राम के संपूर्ण जीवन को दर्शाती हैं।

**********

प्रदेश में आज धनवन्तरि जयंती का पर्व श्रद्धा और उत्सव के माहौल में मनाया जा रहा है। इसे धनतेरस के रूप में भी मनाया जाता है। धन की देवी माता लक्ष्मी की पूजा और पांच दिन तक चलने वाला दीपोत्सव आज से ही आरंभ हो जाता है। प्राचीन मान्यताओं के अनुसार धनतेरस पर सोना, चांदी, पीतल और तांबे के बर्तन खरीदने की प्रथा है।

**********

प्रदेश सरकार ने गोवर्धन पूजा के अवसर पर गोआश्रय स्थलों में भव्य गोपूजन का आयोजन सुनिश्चित करने के लिए निर्देश जारी किए हैं। निर्देश के अनुसार अस्थायी गोआश्रय स्थलों, गोसंरक्षण केंद्रों, कान्हा गोशाला और कांजी हाउस में जहां निराश्रित गोवंश संरक्षित हैं, वहां सफाई और स्वच्छता के साथ–साथ स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाएगी। प्रदेश सरकार ने सभी जनपदों के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि गोवर्धन पूजा से पहले इन स्थलों पर विशेष सफाई अभियान चलाया जाए। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि पूजा समारोह में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति हर हाल में हो।

**********